






## एक नजर में

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को ई-केवायसी पूर्ण कराना होगा

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के ई-केवायसी कराए जाने के लिए शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। जिला श्रम अधिकारी श्री अनिल मलगाया ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ऐसे सभी निर्माण श्रमिक, जिनका ई-केवायसी अब तक पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें एक माह की समय-सीमा में अनिवार्य रूप से ई-केवायसी पूर्ण कराना होगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समयावधि में ई-केवायसी पूर्ण न कराए जाने की स्थिति में सम्बंधित निर्माण श्रमिक का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई अपील मान्य नहीं की जाएगी। जिला श्रम पदाधिकारी ने सभी पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे ई-केवायसी की प्रक्रिया एक माह की समय-सीमा में पूर्ण करा लें, ताकि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

### इस वर्ष होंगे नेशनल लोक अदालत के चार आयोजन

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026 में कुल 4 नेशनल लोक अदालतें माह मार्च, मई, सितम्बर एवं दिसम्बर में आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की पहली लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होगी। इसके बाद अगली नेशनल लोक अदालतें 9 मई, 12 सितम्बर तथा 12 दिसम्बर 2026 को आयोजित होंगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सम्बंधित अधिकारियों को अपने अपने विभागों से सम्बंधित राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालतों में कराने के लिए अभी से प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालतों में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंर्तगत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण अर्थात मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्तिकर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा मामले जो सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित है, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाता है।

### श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान निर्वाण महोत्सव आज



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ के निर्वाण कल्याणक महापर्व के अवसर पर शनिवार को नवकार नगर जैन मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मोक्ष कल्याणक महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। सुबह 7 बजे से भगवान की प्रतिमा का अभिषेक एवं शांति धारा आयोजित होगी। इसके पश्चात श्रद्धालु निर्वाण लाडू अर्पित कर प्रभु के चरणों में अपनी आस्था व्यक्त करेंगे। साथ ही मंदिर परिसर में स्थित मानस्तंभ का महामस्तकाभिषेक भी भक्तिमय वातावरण में संपन्न होगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज छाबड़ा एवं ट्रस्टियों ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जल, चंदन, अक्षत और पुष्प अर्पित कर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला रविवार 15 फरवरी को भी जारी रहेगी। इस दिन प्रात: अभिषेक-पूजन के बाद सामूहिक संगीतमय मुनिसुव्रतनाथ मंडल विधान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सकल जैन समाज की सहभागिता रहेगी। आयोजकों ने सभी साधर्मी बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### जनभागीदारी से बनी पहली कांक्रीट सड़क का लोकार्पण



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** संतोषी माता वार्ड स्थित मनीष बाग कॉलोनी में जन भागीदारी से बनी कांक्रीट सड़क का महापौर अमृता अमर यादव एवं क्षेत्रीय पार्षद राजेश यादव ने फीता काटकर लोकार्पण किया। लगभग 9 लाख रुपये की लागत से तैयार इस सड़क का निर्माण नगर निगम और क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया है। लोकार्पण अवसर पर महापौर ने कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और नगर निगम द्वारा बिना भेदभाव सभी वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जन भागीदारी से बने कार्य गुणवत्तापूर्ण और लंबे समय तक टिकाऊ होते हैं।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह शहर की पहली कांक्रीट सड़क है, जो जन भागीदारी से व्यवस्थित रूप से पूर्ण हुई है। निर्माण के दौरान कॉलोनीवासियों ने 15 दिनों तक आवागमन बंद रखकर सड़क की देखरेख की और नियमित रूप से पानी देकर उसकी गुणवत्ता बनाए रखने में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने बगीचे एवं नाली निर्माण की मांग भी रखी, जिस पर पार्षद राजेश यादव ने शीघ्र कार्य कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जल समस्या के समाधान के लिए नई पाइपलाइन योजना के तहत नई पानी टंकी का निर्माण किया गया है, जिससे जल्द घर-घर बेहतर प्रेशर से पानी पहुंचेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पंधाना में आज लिखी जाएगी विकास की इबारत

## सीएम यादव 600 करोड़ की सौगातों के साथ लाड़ली बहनों को देंगे खुशियों की किशत



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले का पंधाना विधानसभा क्षेत्र आज एक ऐसे ऐतिहासिक अध्याय का साक्षी बनने जा रहा है, जो निमाड़ के विकास के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। विकास और जनकल्याण के महाकुंभ के लिए पंधाना की धरा पूरी तरह सजकर तैयार है, जहाँ प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशाल जनसभा में हुंकार भरेंगे। सीएम डॉ. यादव आज मंच से जिलेवासियों पर 600 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य जिसमें शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, शहरी विकास और ग्रामीण अधोसंरचना का कायाकल्प होना तय है।

इस आयोजन का केंद्र बिंदु प्रदेश की मातृशक्ति का सम्मान है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में डॉ. यादव सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में खुशियों की किशत अंतरित करेंगे। जिसमें विशेष रूप से खंडवा जिले की 2 लाख से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। प्रत्येक बहन के खाते में जब 1500 रुपये की सम्मान राशि पहुंचेगी। वहीं सबसे बड़ी सौगात किसानों को मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री 301.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई भाम राजगढ़ सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस परियोजना के शुरू होने से निमाड़ की प्यासी धरती की प्यास बुझेगी और हजारों किसानों के खेतों में सोना उगलेगा। वहीं, शहरी विकास की नई इबारत लिखते हुए मुख्यमंत्री खंडवा नगर निगम की 252 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी सीवरेज परियोजना का भूमिपूजन करेंगे, जो शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके अतिरिक्त, पंधाना को आधुनिक सुविधाओं से लैस बस स्टैंड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और रैन बसेरा जैसी सौगातें भी मिलेंगी, जिनकी आज आधारशिला रखी जाएगी। प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण और शिक्षा के विस्तार में भी आज का दिन अहम साबित होगा। मुख्यमंत्री 11 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले संयुक्त एसडीएम कार्यालय भवन और 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सीएम राइज सांदीपनी विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदूर अंचलों तक सुनिश्चित करने के लिए, छैगांवदेवी, हरसवाड़ा और बलखड़घाटी के आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का उद्घाटन भी किया जाएगा। विधायक छाया गोविंद मोरे के सतत प्रयासों के चलते स्वीकृत हुए लगभग 99 करोड़ के सिरपुरफाटे-बोरगांव मार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों के निर्माण से कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलेगी। साथ ही, जननायक टंट्या मामा की जन्मस्थली बड़ादेहरी में 21 करोड़ के आदिवासी लोक संग्रहालय और सिंगोट को पूर्ण तहसील का दर्जा देने जैसी घोषणाएँ क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्रशासनिक पहचान को मजबूत करेंगी।

## विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें, सरकार हरसंभव मदद करेगी : मंत्री डॉ. विजय शाह



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शुक्रवार को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित छात्रोत्सव कार्यक्रम पंख में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में खण्डवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार जैन सहित प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मंत्री डॉ. शाह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई पर पूर्ण ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने घोषणा की कि कन्या महाविद्यालय में दो वाटर कूलर लगाए जाएंगे, ताकि छात्राओं को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके। साथ ही छात्राओं के कॉलेज आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने और महाविद्यालय परिसर में शेड निर्माण कराने की भी घोषणा की गई, जिससे सांस्कृतिक एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि खण्डवा के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। महापौर अमृता अमर यादव ने अपने संबोधन में महिला शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित महिला परिवार और समाज दोनों का भविष्य संवारती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मेधावी छात्राओं को स्कूटी जैसी योजनाओं से प्रोत्साहित कर रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्र संघ प्रभारी डॉ. सीमा कदम ने महाविद्यालय की छात्राओं की उपलब्धियों की जानकारी दी और कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

## महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर में भव्य आयोजन

### मंदिरों में होंगे विशेष पूजन-अभिषेक और फलाहारी भंडारे

नवभारत न्यूज




**ओंकारेश्वर।** महाशिवरात्रि पर्व पर पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन होंगे। ज्योतिर्लिंग श्री ओंकारेश्वर और श्री ममलेश्वर महादेव सहित क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ, अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। पर्व के अवसर पर हजारों श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचकर दर्शन, पूजन और ओंकार पर्वत की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

ओम नम: शिवाय मिशन, शिवकोठी सन्यास आश्रम, अन्नपूर्णा आश्रम, गजानन आश्रम सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजन-अभिषेक, भजन-कीर्तन और फलाहारी भंडारों का आयोजन किया जाएगा। मंदिरों को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए दिन-रात दर्शन की व्यवस्था रहेगी। प्रशासन के अनुसार ओंकारेश्वर मंदिर प्रात: 4 बजे से दर्शनार्थियों के लिए खुल जाएगा और रात्रि में भी शिवभक्तों के लिए मंदिर खुले रहेंगे। महाशिवरात्रि पर संतों की शोभायात्रा भी प्रात: 4 बजे निकाली जाएगी, जो ढोल-नगाड़ों के साथ ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर और ममलेश्वर महादेव के दर्शन करेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं।

कलेक्टर द्वारा एनएचडीसी को घाटों पर जलस्तर सामान्य बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर सुरक्षा नौकाएं, तैराक और आवश्यक उपकरण तैनात रहेंगे। यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, पानी-बिजली और सफाई के विशेष इंतजाम किए गए हैं। ओंकार पर्वत की परिक्रमा मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रहने की संभावना है। आसपास के गांवों के शिव मंदिरों में भी पूजा-पाठ का क्रम जारी रहेगा।



### संकल्प से समाधान अभियान के तहत आवेदनों का किया जा रहा है निराकरण

**खण्डवा।** प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर एवं नागरिकों से घर घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अभी तक जिले में लगभग 71800 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से लगभग 48600 आवेदनों का निराकरण भी किया जा चुका है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवेदन संकलन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करें।


## ओंकारेश्वर में शिवरात्रि पर यातायात और पार्किंग के लिए निर्देश जारी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर में दर्शन एवं स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इंदौर-इच्छापुर मार्ग निर्माणाधीन होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए खंडवा जिला यातायात विभाग के देवेंद्र परिहार बताया कि सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। देशगांव, तेजाजी नगर, सिमरोल और बडवाह से आने वाले भारी वाहन अलग-अलग मार्गों से ओंकारेश्वर तक पहुंच सकेंगे। इससे मुख्य मार्ग पर दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम रहेगी। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया गया है। निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालु हेलिपेड, पी-01, ट्रेंचिंग ग्राउंड, ताम्रकर पार्किंग और कुबेर भंडारी पार्किंग जैसे अलग-अलग स्थानों पर अपने वाहन पार्क कर सकेंगे। इन पार्किंग क्षेत्रों से श्रद्धालु आगे पी-01 तक ऑटो या पैदल पहुँच सकते हैं। टूरिस्ट बसों, ट्रैक्टर और अन्य लोडिंग वाहनों को इनपुन में रोका जाएगा और वहां से आगे पी-01 तक आने-जाने की सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, मोर्टक्का चौकी के पीछे रिज़र्व पार्किंग भी उपलब्ध होगी, जहां सभी पार्किंग भरने के बाद वाहनों को पार्क कराया जाएगा। इस प्रकार, खंडवा जिला प्रशासन और यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर महाशिवरात्रि पर्व के लिए प्रभावी और सुव्यवस्थित यातायात एवं पार्किंग योजना बनाई है, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों का मार्गदर्शन सुचारू और सुरक्षित तरीके से हो सके।

## ओंकारेश्वर पावर स्टेशन बिजली उत्पादन में रचा कीर्तिमान




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में स्थित एनएचडीसी के ओंकारेश्वर पावर स्टेशन ने वित्तीय वर्ष में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। स्टेशन ने अपनी पूर्ण क्षमता और कुशल प्रबंधन का प्रदर्शन करते हुए 1833 मिलियन यूनिट बिजली का रिकॉर्ड उत्पादन किया है।

यह उपलब्धि इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आंकड़ा परियोजना की निर्धारित डिजाइन एनर्जी 736 मिलियन यूनिट से लगभग ढाई गुना अधिक है। इतना ही नहीं, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा तय किए गए 1382 मिलियन यूनिट के लक्ष्य से भी यह उत्पादन करीब 1.33 गुना ज्यादा रहा है। साथ ही, एमओयू के तहत निर्धारित 1740 मिलियन यूनिट के लक्ष्य को भी पीछे छोड़ते हुए स्टेशन ने 93 मिलियन यूनिट अधिक बिजली पैदा कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इस सफलता पर एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश और परियोजना प्रमुख डी.के. द्विवेदी ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओ एंड एम) वीके सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस रिकॉर्ड को टीम वर्क का परिणाम बताया।

## श्रम संहिताओं के विरोध में श्रमिकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** केंद्र सरकार द्वारा व्यापार करने में आसानी के तहत 29 श्रम कानूनों को बदलकर चार नई श्रम संहिताएं लागू करने की घोषणा के विरोध में श्रम संगठनों ने देशव्यापी आंदोलन तेज कर दिया है। इसी क्रम में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटीव्स यूनियन की खंडवा इकाई ने भी भाग लिया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि 9 जनवरी को हुए संयुक्त श्रमिक सम्मेलन में सर्वसम्मति से श्रम संहिताओं को श्रमिक विरोधी बताते हुए देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया था। हड़ताल के दौरान मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज उठाई। इनमें चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, एसपीई अधिनियम 1976 को बहाल करने, बिक्री संवर्धन कर्मचारियों के लिए वैधानिक कार्य नियमावली लागू करने तथा सरकारी अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध हटाने की मांग शामिल है। राज्य सरकार से न्यूनतम वेतन 26,910 रुपये घोषित करने, आठ घंटे कार्यदिवस लागू करने वहीं नियोक्ताओं से दवा प्रतिनिधियों पर दबाव व उत्पीड़न बंद करने तथा इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकिंग के जरिए निगरानी समाप्त करने की मांग रखी गई। खंडवा में आयोजित कार्यक्रम का संचालन कॉमरेड पवन मेहता ने किया, जबकि यूनिट सेक्रेटरी दिनेश कान्त ने मांगों की जानकारी दी। इस दौरान यूनिट अध्यक्ष राजेश चौधरी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र पवार, कोषाध्यक्ष गगन बजाज सहित करीब 40 सदस्य उपस्थित रहे। बाद में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया।